prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# SSB Constable Exam

## Model Paper

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

Test Paper : **III**

Test Subject : **HINDI**

Test Subject Code : **A-12-03**

Test Booklet Serial No. : ____________________

OMR Sheet No. : ____________________

Hall Ticket No. | | | | | | | | | |

(Figures as per admission card)

**Name & Signature of Invigilator**

Name : ____________________ Signature : ____________________

**Paper : III**
**Subject : HINDI**

Time : 2 Hours 30 Minutes Maximum Marks : 150

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **75**

### Instructions for the Candidates

1. Write your Hall Ticket Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example** : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given to you**. If you mark at any place other than in the circle in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### అభ్యర్థులకు సూచనలు

1. ఈ పుట పై భాగంలో ఇవ్వబడిన స్థలంలో మీ హాల్ టికెట్ నంబరు రాయండి.
2. ఈ ప్రశ్న పత్రము డెబ్బైఐదు బహుళైచ్ఛిక ప్రశ్నలను కలిగి ఉంది.
3. పరీక్ష ప్రారంభమున ఈ ప్రశ్నాపత్రము మీకు ఇవ్వబడుతుంది. మొదటి ఐదు నిమిషములలో **ఈ ప్రశ్నాపత్రమును తెరిచి కింద తెలిపిన అంశాలను తప్పనిసరిగా సరిచూసుకోండి.**
   (i) ఈ ప్రశ్న పత్రమును చూడడానికి కవర్‌పేజి అంచున ఉన్న కాగితపు సీలును చించండి. స్టిక్కర్ సీలులేని మరియు ఇదివరకే తెరిచి ఉన్న ప్రశ్నాపత్రమును మీరు అంగీకరించవద్దు.
   (ii) **కవరు పేజి పై ముద్రించిన సమాచారం ప్రకారం ఈ ప్రశ్నపత్రములోని పేజీల సంఖ్యను మరియు ప్రశ్నల సంఖ్యను సరిచూసుకోండి. పేజీల సంఖ్యకు సంబంధించి గానీ లేదా సూచించిన సంఖ్యలో ప్రశ్నలు లేకపోవుట లేదా నిజప్రతి కాకపోవుట లేదా ప్రశ్నలు క్రమపద్ధతిలో లేకపోవుట లేదా ఏవైనా తేడాలుండుట వంటి దోషపూరితమైన ప్రశ్న పత్రాన్ని వెంటనే మొదటి ఐదు నిమిషాల్లో పరీక్షా పర్యవేక్షకునికి తిరిగి ఇచ్చివేసి దానికి బదులుగా సరిగ్గా ఉన్న ప్రశ్నపత్రాన్ని తీసుకోండి. తదనంతరం ప్రశ్నపత్రము మార్చబడదు అదనపు సమయం ఇవ్వబడదు.**
   (iii) పై విధంగా సరిచూసుకొన్న తర్వాత ప్రశ్నాపత్రం సంఖ్యను OMR పత్రము పై అదేవిధంగా OMR పత్రము సంఖ్యను ఈ ప్రశ్నాపత్రము పై నిర్దిష్టస్థలంలో రాయవలెను.
4. ప్రతి ప్రశ్నకు నాలుగు ప్రత్యామ్నాయ ప్రతిస్పందనలు (A), (B), (C) మరియు (D) లుగా ఇవ్వబడ్డాయి. ప్రతిప్రశ్నకు సరైన ప్రతిస్పందనను ఎన్నుకొని కింద తెలిపిన విధంగా OMR పత్రములో ప్రతి ప్రశ్నా సంఖ్యకు ఇవ్వబడిన నాలుగు వృత్తాల్లో సరైన ప్రతిస్పందనను సూచించే వృత్తాన్ని బాల్ పాయింట్ పెన్‌తో కింద తెలిపిన విధంగా పూరించాలి.
   ఉదాహరణ : (A) (B) ● (D)
   (C) సరైన ప్రతిస్పందన అయితే
5. ప్రశ్నలకు ప్రతిస్పందనలను ఈ ప్రశ్నపత్రముతో ఇవ్వబడిన OMR పత్రము పైన ఇవ్వబడిన వృత్తాల్లోనే పూరించి గుర్తించాలి. అలాకాక సమాధాన పత్రంపై వేరొక చోట గుర్తిస్తే మీ ప్రతిస్పందన మూల్యాంకనం చేయబడదు.
6. ప్రశ్న పత్రము లోపల ఇచ్చిన సూచనలను జాగ్రత్తగా చదవండి.
7. చిత్తుపనిని ప్రశ్నపత్రము చివర ఇచ్చిన ఖాళీస్థలములో చేయాలి.
8. OMR పత్రము పై నిర్ణీత స్థలంలో సూచించవలసిన వివరాలు తప్పించి ఇతర స్థలంలో మీ గుర్తింపును తెలిపే విధంగా మీ పేరు రాయడం గానీ లేదా ఇతర చిహ్నాలను పెట్టడం గానీ చేసినట్లయితే మీ అనర్హతకు మీరే బాధ్యులవుతారు.
9. పరీక్ష పూర్తయిన తర్వాత మీ ప్రశ్నపత్రాన్ని మరియు OMR పత్రాన్ని తప్పనిసరిగా పరీక్షపర్యవేక్షకుడికి ఇవ్వాలి. వాటిని పరీక్ష గది బయటకు తీసుకువెళ్లకూడదు.
10. **నీలి/నల్ల రంగు బాల్ పాయింట్ పెన్ మాత్రమే ఉపయోగించాలి.**
11. **లాగరిథమ్ టేబుల్స్, క్యాలిక్యులేటర్‌లు, ఎలక్ట్రానిక్ పరికరాలు మొదలగునవి పరీక్షగదిలో ఉపయోగించడం నిషేధం.**
12. **తప్పు సమాధానాలకు మార్కుల తగ్గింపు లేదు.**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# HINDI

## Paper – III

1. 'राउलवेल' किसकी रचना है ?
   (A) चंदवरदाई (B) रोडकवि
   (C) दामोदर शर्मा (D) स्वयंभू

2. 'कुवलयमालाकथा' किसकी कृति है ?
   (A) उद्योतनसूरि (B) विद्यापति
   (C) सरहपाद (D) शालिभद्रसूरि

3. 'रसगंगाधर' किसकी रचना है ?
   (A) पंडितराज जगन्नाथ (B) राजशेखर
   (C) क्षेमेन्द्र (D) कुंतक

4. 'कविकुलकल्पतरू' के रचनाकार हैं
   (A) केशवदास (B) चिंतामणि त्रिपाठी
   (C) तोषकवि (D) भूषण

5. निम्नलिखित में कौन-सी रचना केशव की है ?
   (A) काव्यप्रकाश (B) भाषाभूषण
   (C) रसिकप्रिया (D) रसराज

6. 'गिरा अरथ जल-वीचि सम, कहियत भिन्न न भिन्न।'
   उपरोक्त पंक्ति किस ग्रंथ की है ?
   (A) बरवै रामायण (B) गीतावली
   (C) कवितावली (D) रामचरितमानस

7. वक्रोक्ति संप्रदाय के प्रवर्तक हैं
   (A) वामन (B) आनंदवर्धन
   (C) विश्वनाथ (D) कुंतक

8. 'रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम्।' किसकी उक्ति है ?
   (A) पंडितराज जगन्नाथ (B) मम्मट
   (C) आनंदवर्धन (D) वामन

9. 'अभिव्यंजनावाद' के प्रवर्तक हैं
   (A) लोंजाइनस (B) क्रोचे
   (C) प्लेटो (D) अरस्तू

10. "जिसे तुम समझे हो अभिशाप
    जगत की ज्वालाओं का मूल।"
    उपर्युक्त पंक्तियाँ किस काव्य की हैं ?
    (A) साकेत (B) कामायनी
    (C) उर्वशी (D) प्रियप्रवास

11. जयशंकर प्रसाद का अपूर्ण उपन्यास है
    (A) मंगलसूत्र (B) कंकाल
    (C) इरावती (D) तितली



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

12. हज़ारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित उपन्यास नहीं है

(A) पुनर्नवा

(B) चारूचंद्रलेख

(C) खंजननैन

(D) बाणभट्ट की आत्मकथा

13. ''हिंदी साहित्य: बीसवीं शताब्दी'' के लेखक हैं

(A) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी

(B) नगेन्द्र

(C) रामविलास शर्मा

(D) नंददुलारे बाजपेयी

14. 'द्वैतवाद' के प्रवर्तक हैं

(A) मध्वाचार्य (B) रामानुजाचार्य

(C) श्रीनिवासाचार्य (D) गोविंदाचार्य

15. छायावाद के कवियों का सही क्रम है

(A) प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी

(B) निराला, पंत, महादेवी, प्रसाद

(C) प्रसाद, पंत,निराला,महादेवी

(D) पंत, प्रसाद, महादेवी, निराला

16. इनमें कौन 'अष्टछाप' का कवि नहीं है ?

(A) नंददास (B) कृष्णदास

(C) कुंभनदास (D) ध्रुवदास

17. पूर्वी हिंदी वर्ग की बोली नहीं है

(A) अवधी (B) बघेली

(C) कौरवी (D) छत्तीसगढ़ी

18. 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' के इतिहासकार हैं

(A) धीरेंद्र वर्मा

(B) रामकुमार वर्मा

(C) शिवदानसिंह चौहान

(D) बच्चन सिंह

19. 'महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय' कहाँ है ?

(A) पुणे (B) वाराणसी

(C) वर्धा (D) इलाहाबाद

20. ''दया, माया, ममता लो आज,

मधुरिमा लो अगाध विश्वास।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ 'कामायनी' के किस सर्ग से हैं ?

(A) चिंता (B) आशा

(C) लज्जा (D) श्रद्धा

21. 'बीसलदेव रासो' की भाषा में हैं

I. राजस्थानी भाषा के शब्द

II. फारसी, तुर्की, अरबी भाषा के शब्द

III. संस्कृत के शब्द

IV. उपर्युक्त सभी

सही विकल्प बताइए

(A) I, II और III (B) I और II

(C) II और III (D) I और III



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**22.** मीराबाई की रचनाएँ मानी जाती हैं

I. नरसी जी का मायरा

II. मीराबाई की पदावली

III. गीत गोविंद की टीका

IV. राम गोविंद

सही विकल्प बताइए

(A) I, III और IV

(B) I, II, III और IV

(C) II, III और IV

(D) III और IV

**23.** ब्रज भाषा के प्रारंभिक लेखकों में हैं

I. विठ्ठलनाथ

II. कुंभनदास

III. वैकुंठमणि शुक्ल

IV. सूरति मिश्र

सही विकल्प बताइए

(A) I, II, III और IV

(B) I, II और III

(C) II, III और IV

(D) I, III और IV

**24.** 'परीक्षागुरु' उपन्यास के संदर्भ में मान्यता है

I. यह शिक्षाप्रद उपन्यास है।

II. इसमें खड़ी बोली के शब्दों और मुहावरों का प्रयोग है।

III. यह अनूदित रचना है।

IV. उपर्युक्त तीनों तथ्य सही हैं।

सही विकल्प बताइए

(A) II और III (B) I और III

(C) I और II (D) I, II, III और IV

**25.** पंत के 'पल्लव' के संबंध में कहा जाता है

I. इसमें चित्रमयी भाषा है।

II. इसमें लाक्षणिक वैचित्र्य है।

III. इसमें अप्रस्तुत विधान है।

IV. इसमें कोमलकांत पदावली और उर्दू मिश्रित शब्दावली है।

सही विकल्प बताइए

(A) I और IV (B) I, II और IV

(C) I, II और III (D) II, III और IV

**26.** द्वंद्वात्मक भौतिकवाद के संदर्भ में मान्यता है

I. यह काव्य-रचना का विषय क्षेत्र है।

II. यह एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

III. यह एक चिंतन प्रणाली है।

IV. निषेध के निषेध का नियम इसका प्रमुख पक्ष है।

सही विकल्प बताइए

(A) I, II, III और IV (B) II, III और IV

(C) I, II और IV (D) I और IV



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

27. बिंब के विषय में मान्यता है

I. बिंब का संबंध मनुष्य के चिंतन और संवेदन से है।

II. बिंब से संप्रेषण में सर्वत्र बाधा पहुँचती है।

III. बिंब ऐंद्रिय गुणों से अनिवार्य रूप से समन्वित होता है।

IV. बिंब विधान के लिए कल्पना अनिवार्य है।

सही विकल्प बताइए

(A) I, II और III (B) I, II और IV
(C) I, III और IV (D) II, III और IV

28. प्रसाद के नाटक और उनके पात्र हैं

I. ध्रुवस्वामिनी– प्रतिहारी

II. चंद्रगुप्त–पर्वतेश्वर

III. स्कंदगुप्त – भटार्क

IV. अजातशत्रु – शकराज

सही विकल्प बताइए

(A) I, II, और III (B) II, III और IV
(C) I, III और IV (D) I और IV

29. घनानंद के संदर्भ में कहा जाता है

I. यह प्रेम की पीर के कवि हैं।

II. इनके विशेषण न तो चटकीले हैं न ऐंद्रियोत्तेजक।

III. इन्होंने मीन और पतंग के प्रेमोत्सर्ग को आदर्श नहीं माना है।

IV. इनकी रचनाओं में संयोग और वियोग का निदर्शन साथ–साथ होता है।

सही विकल्प बताइए

(A) I, II और III (B) I, II, III और IV
(C) II, III और IV (D) I, III और IV

30. गीतिकाव्य के संदर्भ में कहा जाता है

I. गीतिकाव्य अनुभूति प्रधान काव्य है।

II. गीतिकाव्य में घटना या तथ्य गौण होते हैं।

III. गीतिकाव्य में व्यक्ति का जीवनदर्शन निहित होता है।

IV. गीतिकाव्य में भावानुकूल लयों में कवि की आत्माभिव्यक्ति नहीं होती है।

सही विकल्प बताइए

(A) I, II, III और IV

(B) I, II और III

(C) I, II और IV

(D) I और IV

31. **स्थापना (A):** द्वंद्वात्मक भौतिकवाद यह बताता है कि समाज की उत्पादक शक्तियाँ बराबर बदलती रहती हैं।

**तर्क (R) :** क्योंकि उत्पादन के साधन विकसित होने के साथ–साथ उत्पत्ति का भी विकास नहीं हो पाता ।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) (R) दोनों सही

(D) (A) (R) दोनों गलत



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

32. **स्थापना (A):** सूफियों में साधना की अंतिम अवस्था मारिफत है।

**तर्क (R) :** क्योंकि सूफी मारिफत के माध्यम से मुक्ति चाहते हैं।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) (R) दोनों गलत

(D) (A) (R) दोनों सही

33. **स्थापना (A):** आचार्य हज़ारीप्रसाद द्विवेदी का आलोचक व्यक्तित्व किसी पूर्व निर्दिष्ट समीक्षा–पद्धति के दायरे में नहीं रखा जा सकता ।

**तर्क (R) :** क्योंकि उन पर अपने पूर्व के किसी आचार्य का प्रभाव नहीं पड़ा है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) (R) दोनों सही

(D) (A) (R) दोनों गलत

34. **स्थापना (A):** आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा लिखित 'हिंदी साहित्य का इतिहास' ऐतिहासिक कृतियों में आदिग्रंथ है।

**तर्क (R) :** क्योंकि इसमें हिंदी साहित्य का विशद वर्णन है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) (R) दोनों सही

(D) (A) (R) दोनों गलत

35. **स्थापना (A) :** भाषा आद्यन्त सामाजिक संपत्ति है।

**तर्क (R) :** क्योंकि भाषा पैतृक संपत्ति है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) (R) दोनों सही

(D) (A) (R) दोनों गलत

36. **स्थापना (A) :** ''अंतर्विरोध और विरोधाभास'' मार्क्सवादी आलोचनाशास्त्र में प्रयुक्त एक अवधारणा है।

**तर्क (R) :** क्योंकि भारतीय काव्यशास्त्र में विरोधाभास एक महत्वपूर्ण अलंकार है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) (R) दोनों सही

(D) (A) (R) दोनों गलत



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

37. **स्थापना (A) :** मानव–मूल्यों द्वारा 'मानवतावाद' संसार का सुधार ही नहीं करना चाहता अपितु उसे आदर्श भी बनाना चाहता है।

**तर्क (R) :** क्योंकि मनुष्य स्वभाव से आदर्शवादी होता है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) गलत

(C) (A) (R) दोनों गलत

(D) (A) (R) दोनों सही

38. **स्थापना (A) :** क्रोचे का अभिव्यंजनावाद हमारे यहाँ के कुंतक के वक्रोक्ति का विलायती उत्थान है।

**तर्क (R) :** क्योंकि आ. रामचंद्र शुक्ल की उक्त अवधारणा के प्रति सबने सहमति व्यक्त की है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) (R) दोनों सही

(B) (A) (R) दोनों गलत

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

39. **स्थापना (A) :** भारतीय विचारकों ने 'भूमंडलीकरण' को 'विश्वग्राम' कहकर उसके महत्व को रेखांकित किया है।

**तर्क (R) :** क्योंकि हिंदी के प्रगतिशील विचारकों ने भी भूमंडलीकरण की प्रशंसा की है।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) (R) दोनों गलत

(B) (A) (R) दोनों सही

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

40. **स्थापना (A) :** छायावाद की भावभूमि को गांधीवाद से ही प्रेरणा और स्फूर्ति मिली है, रवींद्रनाथ से नहीं।

**तर्क (R) :** उक्त अवधारणा से रामचंद्र शुक्ल भी पूरी तरह सहमत हैं।

सही विकल्प बताइए

(A) (A) (R) दोनों सही

(B) (A) (R) दोनों गलत

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) सही (R) गलत

41. निम्नलिखित नाटकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम बताइए।

(A) शंबूक की हत्या, सिंदूर की होली, राज्यश्री, अंधेर नगरी

(B) अंधेर नगरी, राज्यश्री, सिंदूर की होली, शंबूक की हत्या

(C) राज्यश्री, अंधेर नगरी, शंबूक की हत्या, सिंदूर की होली

(D) सिंदूर की होली, शंबूक की हत्या, अंधेर नगरी, राज्यश्री



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**42.** निम्नलिखित एकांकी–नाटकों का कालक्रम के अनुसार सही क्रम बताइए

(A) भोर का तारा, एक घूँट, पृथ्वीराज की आँखें, रोशनी शेष है

(B) पृथ्वीराज की आँखें, रोशनी शेष है, भोर का तारा, एक घूँट

(C) रोशनी शेष है, भोर का तारा, एक घूँट, पृथ्वीराज की आँखें

(D) एक घूँट, पृथ्वीराज की आँखें, भोर का तारा, रोशनी शेष है

**43.** निम्नलिखित नाटककारों का सही अनुक्रम बताइए

(A) सेठ गोविंददास, जयशंकर प्रसाद, उपेंद्रनाथ 'अश्क', हरिकृष्ण प्रेमी

(B) उपेंद्रनाथ 'अश्क', हरिकृष्ण प्रेमी, जयशंकर प्रसाद, सेठ गोविंददास

(C) हरिकृष्ण प्रेमी, उपेंद्रनाथ 'अश्क', जयशंकर प्रसाद, सेठ गोविंददास

(D) जयशंकर प्रसाद, उपेंद्रनाथ 'अश्क', सेठ गोविंददास, हरिकृष्ण प्रेमी

**44.** पंत की रचनाओं का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) युगवाणी, गुंजन, वीणा, पल्लव

(B) पल्लव, वीणा, गुंजन, युगवाणी

(C) गुंजन, पल्लव, युगवाणी,वीणा

(D) वीणा, पल्लव, गुंजन, युगवाणी

**45.** रचनाक्रम की दृष्टि से महादेवी के काव्य–संग्रहों का सही अनुक्रम बताइए

(A) नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत

(B) सांध्यगीत, नीरजा, रश्मि, नीहार

(C) नीरजा, सांध्यगीत, नीहार, रश्मि

(D) रश्मि, नीहार, नीरजा, सांध्यगीत

**46.** निम्नलिखित कहानियों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) उसने कहा था, कफन, वापसी, मोहनदास

(B) मोहनदास, वापसी, कफन, उसने कहा था

(C) मोहनदास, उसने कहा था, वापसी, कफन

(D) वापसी, कफन, मोहनदास, उसने कहा था

**47.** निम्नलिखित निबंधों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) मिट्टी की ओर, आपने मेरी रचना पढ़ी, गेहूँ और गुलाब, सच्ची वीरता

(B) गेहूँ और गुलाब, सच्ची वीरता, आपने मेरी रचना पढ़ी, मिट्टी की ओर

(C) सच्ची वीरता, मिट्टी की ओर, गेहूँ और गुलाब, आपने मेरी रचना पढ़ी

(D) आपने मेरी रचना पढ़ी, सच्ची वीरता, मिट्टी की ओर, गेहूँ और गुलाब

**48.** निम्नलिखित उपन्यासों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) मय्यादास की माड़ी, मुझे चाँद चाहिए, नदी के द्वीप, प्रेत और छाया

(B) प्रेत और छाया, नदी के द्वीप, मय्यादास की माड़ी, मुझे चाँद चाहिए

(C) नदी के द्वीप, प्रेत और छाया, मुझे चाँद चाहिए, मय्यादास की माड़ी

(D) मुझे चाँद चाहिए, मय्यादास की माड़ी, प्रेत और छाया, नदी के द्वीप



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

49. जन्मतिथि के अनुसार अष्टछाप कवियों का सही अनुक्रम बताइए

(A) नंददास, गोविंदस्वामी, कुंभनदास, छीतस्वामी

(B) छीतस्वामी, कुंभनदास, गोविंदस्वामी, नंददास

(C) गोविंदस्वामी, नंददास, छीतस्वामी, कुंभनदास

(D) कुंभनदास, गोविंदस्वामी, छीतस्वामी,नंददास

50. कालक्रमानुसार निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम बताइए

(A) प्रेमाश्रम, निर्मला, गबन, गोदान

(B) गोदान, गबन, निर्मला, प्रेमाश्रम

(C) निर्मला, प्रेमाश्रम, गोदान, गबन

(D) गबन, गोदान, प्रेमाश्रम, निर्मला

51. निम्नलिखित निबंधकारों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) पद्मसिंह शर्मा, सरदार पूर्णसिंह, बालमुकुंद गुप्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) सरदार पूर्णसिंह, महावीर प्रसाद द्विवेदी, पद्मसिंह शर्मा, बालमुकुंद गुप्त

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी,बालमुकुंद गुप्त,सरदार पूर्णसिंह, पद्मसिंह शर्मा

(D) बालमुकुंद गुप्त,सरदार पूर्णसिंह,पद्मसिंह शर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी

52. निम्नलिखित वैष्णव आचार्यों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है

(A) वल्लभाचार्य, विष्णुस्वामी, मध्वाचार्य, रामानुजाचार्य

(B) विष्णुस्वामी, वल्लभाचार्य, रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य

(C) मध्वाचार्य, रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य, विष्णुस्वामी

(D) रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य, विष्णुस्वामी, वल्लभाचार्य

53. निम्नलिखित सूफी प्रेमकाव्यों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) मधुमालती, पद्मावत, चंदायन, मृगावती

(B) चंदायन, मृगावती, पद्मावत, मधुमालती

(C) मृगावती, चंदायन, मधुमालती, पद्मावत

(D) पद्मावत, मधुमालती, मृगावती, चंदायन

54. निराला की काव्य-कृतियों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए

(A) अनामिका, परिमल, गीतिका, अणिमा

(B) परिमल, गीतिका, अणिमा, अनामिका

(C) अणिमा, अनामिका, गीतिका, परिमल

(D) गीतिका, परिमल, अनामिका, अणिमा



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

55. 'रामचरितमानस' के कांडों का सही अनुक्रम बताइए

(A) सुंदरकांड, अरण्यकांड, बालकांड, किष्किंधाकांड

(B) अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, बालकांड

(C) किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, बालकांड, अरण्यकांड

(D) बालकांड, अरण्यकांड, सुंदरकांड, किष्किंधाकांड

56. निम्नलिखित काव्य- संप्रदायों को उनके आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) अलंकार संप्रदाय — (i) कुंतक

(b) वक्रोक्ति संप्रदाय — (ii) भामह

(c) ध्वनि संप्रदाय — (iii) वामन

(d) रीति संप्रदाय — (iv) भरतमुनि

(v) आनंदवर्धन

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (v) | (iv) | (ii) |

57. निम्नलिखित पात्रों को उनके उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) बावनराम — (i) गोदान

(b) राय अमरपाल सिंह — (ii) मैला आंचल

(c) सरस्वती — (iii) बाणभट्ट की आत्मकथा

(d) निपुणिका — (iv) शेखर एक जीवनी

(v) रंगभूमि

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |

58. निम्नलिखित नाटकों को उनके नाटककरों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) भारत दुर्दशा — (i) धर्मवीर भारती

(b) ध्रुवस्वामिनी — (ii) मोहन राकेश

(c) आधे अधूरे — (iii) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(d) अंधायुग — (iv) जयशंकर प्रसाद

(v) सेठ गोविंददास

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (v) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

59. निम्नलिखित काव्य–रचनाओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) भूरि भूरि खाक धूलि (i) सुमित्रानंदन पंत
(b) लोकायतन (ii) मैथिलीशरण गुप्त
(c) हरी घास पर क्षणभर (iii) मुक्तिबोध
(d) जयद्रथवध (iv) अज्ञेय
(v) शमशेर बहादुर सिंह

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (D) | (i ) | (ii) | (iii) | (v) |

60. निम्नलिखित दार्शनिक सिद्धांतों को उनके आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) अद्वैतवाद (i) वल्लभाचार्य
(b) द्वैतवाद (ii) शंकराचार्य
(c) शुध्दाद्वैतवाद (iii) रामानुजाचार्य
(d) विशिष्टाद्वैतवाद (iv) मध्वाचार्य
(v) विष्णु स्वामी

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (v) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (D) | (v ) | (iii) | (ii) | (iv) |

61. निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) ताई (i) प्रेमचंद
(b) पूस की रात (ii) यशपाल
(c) परदा (iii) भीष्म साहनी
(d) चीफ़ की दावत (iv) विश्वंभरनाथशर्मा 'कौशिक'
(v) निर्मल वर्मा

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii ) | (iv) | (v) | (i) |

62. निम्नलिखित स्त्री–विमर्श विषयक कृतियों को उनकी लेखिकाओं के साथ सुमेलित कीजिए

(a) खुली खिड़कियाँ (i) अनामिका
(b) उपनिवेश में स्त्री (ii) मैत्रेयी पुष्पा
(c) हिंदी साहित्य का आधा इतिहास (iii) सुमन राजे
(d) औरत के लिए औरत (iv) प्रभा खेतान
(v) नासिरा शर्मा

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (v) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

63. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके काव्य-ग्रंथों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) "क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो।" — (i) साकेत

(b) "यह आज समझ तो पायी हूँ मैं दुर्बलता में नारी हूँ।" — (ii) कुरु क्षेत्र

(c) "त्रिभुवन की भी तो श्री भर सक्ती नहीं प्रेयसी के शून्य, पावन स्थान को।" — (iii) उर्वशी

(d) "मर्त्य नर को देवता कहना मृषा है देवता शीतल मनुज अंगार है।" — (iv) कामायनी

(v) पल्लव

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (B) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

64. निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए

(a) असाध्यवीणा — (i) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी

(b) अनामदास का पोथा — (ii) महादेवी वर्मा

(c) श्रृंखला की कड़ियाँ — (iii) सुरेंद्र वर्मा

(d) आठवाँ सर्ग — (iv) अज्ञेय

(v) धर्मवीर भारती

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |

65. निम्नलिखित रचनाओं को उनकी विधाओं के साथ सुमेलित कीजिए

(a) राम की शक्तिपूजा — (i) ललित निबंध

(b) प्रियप्रवास — (ii) नाटक

(c) लहरों के राजहंस — (iii) लंबी कविता

(d) कुटज — (iv) महाकाव्य

(v) उपन्यास

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

66. निम्नलिखित पात्रों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| (a) महेंद्रनाथ | (i) लहरों के राजहंस |
| (b) सुंदरी | (ii) आधे अधूरे |
| (c) विशु | (iii) आठवाँ सर्ग |
| (d) कालिदास | (iv) कोणार्क |
| | (v) मादा कैक्टस |

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (v ) | (iii) | (i) | (ii) |

67. निम्नलिखित पात्रों को उनके उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| (a) सनीचर | (i) रंगभूमि |
| (b) जानसेवक | (ii) राग दरबारी |
| (c) कालीचरण | (iii) नदी के द्वीप |
| (d) भुवन | (iv) मैला आंचल |
| | (v) महाभोज |

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (v) | (iv) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (ii ) | (i) | (iv) | (iii) |

68. निम्नलिखित पात्रों को उनकी कहानियों के साथ सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| (a) दुखिया | (i) उसने कहा था |
| (b) लहनासिंह | (ii) आकाशदीप |
| (c) मधूलिका | (iii) सद्गति |
| (d) गजाधर बाबू | (iv) चीफ़ की दावत |
| | (v) वापसी |

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |
| (D) | (ii ) | (iv) | (i) | (iii) |

69. निम्नलिखित रचनाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| (a) वाजश्रवा के बहाने | (i) अज्ञेय |
| (b) ब्रह्मराक्षस | (ii) कुँवर नारायण |
| (c) कितनी नावों में कितनी बार | (iii) रघुवीर सहाय |
| (d) आत्महत्या के विरुद्ध | (iv) मुक्तिबोध |
| | (v) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना |

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (v) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (D) | (ii ) | (iv) | (i) | (iii) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

70. निम्नलिखित विचारकों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए

(a) लोंजाइनस — (i) लिरिकल बैलेड्स
(b) क्रोचे — (ii) रिपब्लिक
(c) प्लेटो — (iii) प्रॅक्टिकल क्रिटिसिज्म
(d) आई. ए. रिचर्ड्स — (iv) एस्थेटिक्स
(v) पेरि हुप्सुस

इनमें से सही विकल्प है

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्नसंख्या **71** से **75**) के उत्तरों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

"श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है। जब पूज्य भाव की वृद्धि के साथ श्रद्धा-भाजन का सामीप्य लाभ की प्रवृत्ति हो, उसकी सत्ता के कई रूपों के साक्षात्कार की वासना हो, तब हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव समझना चाहिए। जब श्रद्धेय के दर्शन, श्रवण, कीर्तन, ध्यान आदि से आनंद का अनुभव होने लगे- जब उससे संबंध रखनेवाले श्रद्धा के विषयों के अतिरिक्त बातों की ओर भी मन आकर्षित होने लगे, तब भक्ति रस का संचार समझना चाहिए। जब श्रद्धेय का उठना, बैठना, चलना, फिरना, हँसना, बोलना, क्रोध करना आदि भी हमें अच्छा लगने लगे तब हम समझ लें कि हम उसके भक्त हो गए।"

71. भक्ति में किन भावों का मिश्रण होता है ?

(A) वासना और प्रेम
(B) उत्साह और प्रेम
(C) श्रद्धा और प्रेम
(D) ध्यान और प्रेम

72. भक्त किसकी प्रत्याशा करता है ?

(A) प्रेमभाव की
(B) वासना की
(C) सत्ता की
(D) भक्त होने की

73. भक्त के आनंद के स्रोत

(A) श्रवण, दर्शन, ध्यान
(B) कीर्तन, वासना, पूज्य भाव
(C) भक्ति, सामीप्य लाभ, आकर्षण
(D) वासना, श्रद्धा, क्रोध

74. भक्त बनने के प्रमाण हैं

(A) जब श्रद्धेय का उठना, बैठना, गुस्सा करना बुरा लगता है।
(B) जब श्रद्धेय का उठना, बैठना, गुस्सा करना अच्छा लगता है।
(C) प्रेमी से वासनापूर्ण व्यवहार करना।
(D) अपना सर्वस्व श्रद्धेय को अर्पित न करना।

75. किसी के प्रति पूज्य-भाव की वृद्धि होना क्या कहलाता है ?

(A) श्रद्धा
(B) भक्ति
(C) प्रेम
(D) ईर्ष्या



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**Space for Rough Work**

Prepp



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in